# नदी की पुलिया में बहा युवक लापता

खास बातें
- तीन दिन बाद भी नहीं हो सकी खोज
- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम लगातार कर रही खोजबीन



पुलिया में बहे युवक के बारे में तीन दिन बाद भी जानकारी नहीं मिल सकी है. इस दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम युवक की लगातार खोजबीन में लगी है. लेकिन शुक्रवार शाम तक भी युवक की जानकारी नहीं मिल सकी है. इस

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 5 सितम्बर,** क्षेत्र के ग्राम खोंदूपुर के समीप नदी की दौरान प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद है.

जानकारी के अनुसार खोंदूपुर के पास पुलिया में बुधवार को कुछ लोग नहा रहे थे. इस दौरान एक युवक पानी में बह गया. मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे एवं युवक की खोजबीन की गई. लेकिन युवक की जानकारी नहीं मिल सकी. अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि खोंदूपुर के पास पुलिया में बुधवार को कुछ लोगों के नहाने की जानकारी मिली है. इस दौरान करीब 19 वर्षीय युवक अरुण के बह जाने की सूचना मिली है. जिसके बाद प्रशासन द्वारा लगातार युवक की खोजबीन की जा रही है. वही एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर युवक की खोजबीन कर रही है. टीम द्वारा शुक्रवार को युवक की तलाश की गई. लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है. युवक की लगातार सर्चिंग की जा रही है. वहीं आसपास के क्षेत्र के प्रशासन को भी जानकारी दी गई है.

# कृषि महाविद्यालय बना नशे का अड्डा

**कन्या महाविद्यालय में भी नशा करने पहुंचते लोग**

**बाहरी व्यक्तियों का है जमावड़ा**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 5 सितम्बर, गंजबासौदा का कृषि महाविद्यालय प्रांगण इन दोनों नशे का प्रमुख अड्डा बन गया है.अंदर और बाहर जहां देखो वहां शराब की बोतल सलाद नमकीन की गंदगी पड़ी दिखाई देती है.**

बदमाश शाम होते ही कृषि महाविद्यालय में पहुंच जाते हैं और तरह-तरह की नशीली वस्तुओं का सेवन करने लगते इसके अलावा गांजा अफीम पीने का सिलसिला शुरू हो जाता है.यही स्थिति कन्या महाविद्यालय की बनी हुई है.यह भी लोग सुरक्षित स्थान मानकर नशा करने पहुंचते हैं. यहां रात्रि के समय कभी-कभार पुलिस को जाना चाहिए.ताकि बदमाशों में भय बना रहे और इस तरह की गतिविधियों पर रोक लग सके गंजबासौदा में बाहर की युवतियां जिनकी संख्या लगभग आधा दर्जन है ट्रेन से आती है और सुबह ट्रेन से निकल जाती है.वहीं कुछ युवतियों ने मकान किराए पर ले रखे हैं.वह अन्य कार्य के साथ चोरियां भी करती हैं.सूने मकान दुकानों में पहुंच कर हाथ साफ कर देती है. उन्होंने यहां पड़ाव डाल दिया है.लोगों का कहना है कि जनहित में इनकी तहकीकात की जावे और इन्हें बस्ती से बाहर किया जाए ताकि युवाओं का भविष्य बच सके कई युवा बर्बाद हो चुके हैं.

### एक नजर में

## पितरों को श्रद्धा दें, वे हमें शक्ति देंगे

नवभारत न्यूज,

**विदिशा,** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा श्राद्ध पक्ष के अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ, स्वर्णकार कॉलोनी एवं गायत्री शक्ति पीठ, राजीव नगर में सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान नि:शुल्क कराया जाएगा.भारतीय संस्कृति में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु 16 दिन का श्राद्ध पक्ष मनाया जाता है.इन दिनों विधिविधान से श्राद्ध करने पर परिवार को सुख-शांति, स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता व पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है. आयोजन कल 7 सितंबर से 21 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात: 7.30 से 9 बजे तक होगा. श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वे समय से 15 मिनट पूर्व पधारें. पूजन सामग्री की व्यवस्था पीठों पर रहेगी.

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया नपा में पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शनवर पटेल कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के नगर आगमन पर नगर पालिका परिषद में उनका भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर न.पा. अध्यक्ष श्रीमति शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादोन के अलावा पार्षद, मुस्लिम समुदाय, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका शाल श्रीफल, पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया.इस मौके पर उन्होंने सभी के साथ मिलकर नपा परिसर में पौधारोपण भी किया.

## थाना हैदरगढ़ को मिली डायल 112

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़,** नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित पुलिस सहायता और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा डायल 112 सेवाएं शुरु की गई है। गुरूवार को पुलिस थाना हैदरगढ़ में डायल 112 की गाड़ी मिली थाना प्रभारी के के पवार द्वारा डायल 112 की विधिविधान से पूजा अर्चना की गई थाना प्रभारी ने बताया कि डायल 100 से अपग्रेड होकर अब डायल 112 है यह अत्याधुनिक उपकरणों से लैस गाड़ी है.इससे सड़क दुर्घटनाओं और आकस्मिक घटनाओं के साथ संकटकालीन स्थिति में जल्द ही मदद पहुंचायी जा सकती है इसके साथ ही संकट में फंसे हुए लोगों को कुछ ही पलों में पुलिस की सहायता मिल सकेगी हैदरगढ़ कस्बे में डायल 112 द्वारा थाना प्रभारी और स्टाफ ने कस्बे में भ्रमण किय और जनता को अवगत कराया.



## पोषण के बारे में दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्राम तरवारिया एवं ईकलोद में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमें पोषण पर जोर देते हुए टीएमओ ने समस्त ग्रामवासियों को पोषण के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के ट्रेनिंग एवं मॉनिटरिंग ऑफिसर बालकुमार यादव ने किया. कार्यक्रम में विष्णु सेन, आकाश राजपूत, अनिकेत सैनी सरपंच, सचिव, सीएचओ, रोजगार सहायक,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, एसएचडब्ल्यू के सदस्य, स्कूल स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे.

## 40 सेवा बस्तियों के 400 मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सेवा भारती जिला द्वारा शहर के 40 सेवा बस्तियों के संस्कार केन्द्रों से जुड़े 400 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रवीन्द्रनाथ टैगौर सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया.कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिनसे उपस्थित जनों का मन मोह लिया. मुख्य अतिथि कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सेवा भारती के सेवा कार्यों की प्रशंसा की.मुख्य वक्ता सेवा भारती मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने संगठन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी.

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. योगेन्द्र जैन (निदेशक, एसएटीआई, अवतार सिंह रघुवंशी, मोहित रघुवंशी, राकेश खंडेलवाल उपस्थित रहे.कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश माथुर ने की.इस अवसर पर विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, समिति सदस्य सावन अनुपाल, मयंक टोंक, आनंद शरण, सजीव माथुर, श्रीमती वर्षा अग्रवाल, श्रीमती राजबाला बघेल सहित संस्कार केन्द्रों के पालक, छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

## नीमताल पर देर रात चाकूबाजी, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी चौक स्थित नीमताल पर शुक्रवार की देर रात पान की दुकान पर दो पक्षों में चाकूबाजी की वारदात हुई.ध्रुव यादव और शिवराज यादव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ.ध्रुव यादव पर चाकू से हमला कर दिया. जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा में मामला दर्ज कर लिया.

## शिक्षक दिवस पर हुआ गुरुजनों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नगर की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया और देश समाज बच्चों के भविष्य बनाने में जो योगदान दिया और दिया जा रहा है. आयोजकों ने इसके लिए उनको याद किया और सराहना की शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता भी कहा जाता है निजी तथा शासकीय स्कूलों में भी शिक्षक दिवस पर आयोजन रखे गए और शिक्षकों का सम्मान किया गया.

## कालापठार एक उत्कृष्ट शाला, लगेगा एसी-गायत्री रघुवंशी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे शिक्षक दिबस बडे हर्शोल्लाश से मनाया गया.इस अबसर पर जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेन्द्रसिंह रघुवंशी शाला में शिक्षकों का सम्मान करने पहुंची.उन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती और डॉ राधाकृष्णणन के चित्रो पर तिलक लगाकर माल्यापर्ण किया.इसके उपरांत शिक्षक शाला प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी,गोपाल दास अहिरवार,रानी रघुवंशी माधवी भाटिया,तृप्ति तिबारी का सम्मान शाल पुष्प गुच्छ श्रीफल से किया गया साथ मे शाला मे निशुल्क शिक्षा दे रही आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार का सम्मान किया छात्रो द्वारा लाया केक भी काटा गया.

जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला एक उत्कृष्ट सर्वसुविधा युक्त शाला है छात्रों की शिक्षा और संस्कार देखकर हमे बहुत प्रसन्नता हो रही है.यहां सिर्फ एसी की कमी नजर आ रही है. बह मे मेरी तरफ से लगबाऊंगी.गायत्री रघुवंशी ने कहा कि हमे गुरू शिक्षक की कृपा से ही सच्ची राह मिलती है.उन्होने पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षक सर्बपल्ली राधाकृष्णन के जीबन पर प्रकाश डाला. कंचन अहिरवार ने कहा कि हमारे शिक्षक किताबें पढ़ाने के साथ हम जीबन मे आगे कैसे बड़े हमारा चरित्र कैसा हो हम अनुशासन मे कैसे रहे आदि बाते भी सिखाते है वही शिक्षक माधवी भाटिया ने कहा कि तुम्हारी शाला के शिक्षक बहुत अच्छे है आप भटके नही गलत रास्ते पर ना जाए मन लगाकर पडकर आगे बढे यह तुम्हे सिखाते है शिक्षक तृप्ति तिवारी ने कहा कि आप सभी छात्र छात्राए बायदा करे कि आपके शिक्षकों की मेहनत बेकार नही जाने देंगें आप मेहनत करके ईमानदारी से पडकर आगे बढेंगे.

## मगधम स्कूल में धूमधाम से मना श्री गणेश महोत्सव

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मगधम इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति गणेश महोत्सव एवं महाआरती का भव्य आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ विभाग प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विशेष अतिथि अरविंद श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी अतुल शाह उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश की मंगलाचरण और पुष्पांजलि से हुई. विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें गणेश वंदना और छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया.इसके पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से भाग लिया.मुख्य अतिथि सौरभ ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा और संस्कारों का संचार करते हैं. वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने भी विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण हुआ.संस्था प्राचार्या श्रीमति रचना नायर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.महाआरती के दौरान पूरा प्रांगण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा.अभिभावकों, अतिथियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर इस पावन क्षण को अविस्मरणीय बना दिया.





## कायस्थ सभा ने 130 शिक्षकों का सम्मान किया

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शिक्षक दिवस के अवसर पर चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा द्वारा चित्रांश शिक्षाविद सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर समाज के 130 शासकीय शिक्षकों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया. कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. पीएन. श्रीवास्तव, चारु सक्सेना, राजेन्द्र श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव रहे.यह सम्मान समारोह स्व. इंदिरा दिनेश सक्सेना की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया. अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने घोषणा की कि अगले वर्ष से अशासकीय शिक्षकों, शिक्षण संस्थान संचालकों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अन्य समाजजनों को भी सम्मानित किया जाएगा.

## सैण्ट एसआरएस पब्लिक स्कूल में छात्रों ने रखे खेलों पर विचार



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में एनएसएस के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलों के विकास को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा 11 व 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने खेलों के विकास में व्यक्तिगत खिलाड़ी या सरकार की भूमिका पर विचार रखे. जहां पक्ष के छात्रों ने कहा कि खेलों का विकास व्यक्ति की रुचि पर निर्भर करता है, जिसमें सरकार की भूमिका गौण होती है. खेलों की सुविधाएं होने के बाद भी खेलों में रुचि न होने के कारण स्टेडियम खाली पड़े रहते हैं.इससे पता चलता है कि युवक अपनी ऊर्जा कैरियर पर फोकस कर रहे हैं. मेजर ध्यानचंद सुविधाओं से वंचित होने के बावजूद विश्व के श्रेष्ठ खिलाड़ी बन सके.वहीं कुछ छात्रों ने विपक्ष में बोलते हुए बताया कि बिना सरकारी सुविधाओं और प्रोत्साहन के सभी खेलों में अच्छे खिलाड़ी मिलना असंभव है. खिलाड़ी बनने के लिए मैदान पर पसीना बहाना पड़ता है.प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने मेजर ध्यानचंद के जीवनवृत पर प्रकाश डाला. आभार बालिका इकाई प्रभारी श्रीमती रजनी गुप्ता ने माना. कार्यक्रम की भूमिका बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने रखी. इस अवसर पर खेल शिक्षक गजेन्द्र सिंह दांगी, शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल, दिनकर कद्रे, पुष्पेन्द्र सर सहित शिक्षक परिवार उपस्थित था.

## प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, श्री गुरुनानक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में पंजाबी समाज द्वारा जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक चिकित्सा की ओर एक पहल की गई है.इसी क्रम में एक्यूप्रेशर संस्थान, जोधपुर के विशेषज्ञों द्वारा एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन एवं सुजोक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है.**

शिविर का आयोजन पंजाबी धर्मशाला, स्वर्णकार कॉलोनी, विदिशा में 6 सितंबर से 11 सितंबर तक किया जाएगा. शिविर का समय प्रात: 8 से 12 बजे तथा सायं 4 से 7.30 बजे तक रहेगा.शिविर में प्राकृतिक थेरेपी के माध्यम से कमर दर्द, घुटनों का दर्द, साइटिका, सर्वाइकल, माइग्रेन, जोड़ों का दर्द, गैस, कब्ज, शुगर, हाथ-पैरों में झुनझुनी जैसी समस्याओं का उपचार किया जाएगा.गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल चावला ने बताया कि यह शिविर पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा तथा सभी विदिशावासी इसका लाभ ले सकते हैं.

## नयनाभिराम झांकियों का निकलेगा चलसमारोह

नवभारत न्यूज

**सिरोंज.** नगर में शनिवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जावेगा. इस अवसर पर मंगलमूर्ति भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु ले जाया जावेगा. इसके साथ ही श्रीगणेशोत्सव का भी समापन होगा.

अनंत चतुर्दशी पर शहर में सुबह से लेकर सायं तक भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु ले जाने का सिलसिला चलता रहेगा. नगर में विभिन्न स्थानों पर झांकियों में विराजित श्रीगणेश की प्रतिमाओं को समिति के लोगों के साथ ही श्रृद्धालु जयकारों के साथ स्थानीय केथन बांध पर विसर्जन हेतु लेकर पहुंचेंगे. जहॉ पर भगवान श्रीगणेश की पूजन, आरती के बाद जयकारों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया जावेगा. इसके पूर्व झांकियों में हवन, पूजन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी संपन्न होगा. इस मौके पर नगर में चलसमारोह का भी आयोजन किया जावेगा. जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकलेगा.

### शहर में गणेश उत्सव की धूम

शहर में इन दिनों चारों ओर गणेश उत्सव की धूम दिखाई दे रही है. शहर में श्री गणेश उत्सव के दौरान दर्जनों स्थानों पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं विराजित की गई है. इस दौरान कई झांकियों में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है. शहर के प्राचीन श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई पर भी समिति द्वारा गणेश उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. श्री गणेश मंदिर गणेश की अथॉई पर चल रहे 11 दिवसीय समारोह का समापन शनिवार को होगा. इस अवसर पर दोपहर में हवन-पूजन एवं शाम को भव्य चलसमारोह निकाला जावेगा.

### बैठक में चलसमारोह की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

शहर में चलसमारोह स्थानीय छत्री नाक से सायं 5 बजे प्रारंभ होगा. जो कष्टम पथ, रामलला पथ, कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, बड़ा बाजार, जनपद चौराहा, हाजीपुर से होता हुआ केथन डेम प्रतिमा विसर्जन स्थल पर पहुंचेगा. जहां श्री गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन होगा. इसकी तैयारी को लेकर विधायक की मौजूदगी में शुक्रवार को एक बैठक हुई. जानकारी के अनुसार चलसमारोह में आकर्षक बैण्ड बजे, कींगड़ी गायन, श्री गणेश जी का विमान, भजन गायक श्री राम यादव एवं टीम, अखाड़ा, गुदुम बाजा नृत्य, केशरिया ध्वज, बड़े गणेश जी झॉंकी एवं मुख्य झॉंकी के साथ ही दर्जन भर आकर्षक प्रस्तुति शामिल रहेंगी.

## किसानों ने धतुरिया चौराहे पर किया विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**विदिशा , किसानों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को धतुरिया चौराहा पर किसानों ने प्रदर्शन किया. प्रदर्शन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा आगमन पर किया गया. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नेता आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि यह विदिशा के किसानों का दुर्भाग्य है कि सांसद स्वयं कृषि मंत्री हैं, लेकिन स्थानीय किसान खाद, बीज, बिजली, पानी और बीमा सर्वे जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं.**

पूर्व सरपंच सुंदर सिंह दांगी ने कहा कि किसानों को खाद और बिजली की भारी किल्लत है. वहीं उमराव सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ हमेशा अन्याय किया है और केवल अपने गांव ढोलखेड़ी का विकास कराया है. मौके पर पहुंची तहसीलदार और सिविल लाइन टीआई ने किसानों से उनकी पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन लेकर प्रदर्शन समाप्त कराया. इस दौरान जिनमें पोप सिंह दांगी, चैन सिंह दांगी, सरदार सिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, बृजेंद्र दांगी, मोहन सिंह राजपूत, बृजेश दांगी, विनय मीना, शैलेंद्र सिंह राजपूत, गोपीलाल कुशवाहा सहित अन्य किसान शामिल थे.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो RADIO

प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

### देखरेख

## नगर परिषद ने शुरू किया कीटनाशक छिड़काव

# भारी बारिश के बाद मच्छरों का प्रकोप



नवभारत न्यूज

**सांची,** लगातार हो रही भारी बारिश के चलते मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है. मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है. इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने अधिकारियों को सभी वार्डों में तत्काल कीटनाशक छिड़काव करने के निर्देश दिए. बारिश के दिनों में सड़कों के गड्ढों, नालियों और कचरे से भरे स्थानों पर पानी जमा हो जाने से मच्छरों का प्रजनन तेजी से बढ़ गया है. इससे नगर के लोग परेशान हो उठे हैं.न केवल रातों की नींद हराम हो रही है, बल्कि डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है.नगर परिषद अध्यक्ष ने हाल ही में नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया, जहाँ मच्छरों की बढ़ती संख्या देख उन्होंने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए.आदेश मिलते ही नगर परिषद का अमला सक्रिय हुआ और सभी वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू कर दिया गया.वहीं अध्यक्ष पप्पू रेवाराम का कहना है कि लगातार बारिश के चलते मच्छरों की संख्या बढ़ गई थी. लोगों को सुरक्षित रखने तथा बीमारियों पर नियंत्रण के लिए नगर के हर वार्ड में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है.हमारा प्रयास है कि नगरवासी मच्छरों से होने वाले खतरों से सुरक्षित रह सकें.

## नगर में आवारा कुत्तों का आतंक, प्रशासन मौन

नवभारत न्यूज

**सांची,** नगरभर में इन दिनों आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते दिखाई दे रहे हैं. इन कुत्तों में कौन पालतू है, कौन आवारा और कौन बीमार या पागल है, यह पहचान पाना मुश्किल हो गया है. यही कारण है कि आमजन पर इनके हमले का खतरा लगातार मंडरा रहा है. बावजूद इसके प्रशासन की ओर से अभी तक किसी ठोस कार्ययोजना का अभाव है.

जानकारी के अनुसार, नगर के विभिन्न मोहल्लों और मार्गों पर कुत्तों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है. आए दिन इनके बीच भिड़ंत और भौंकने-लपकने की घटनाएँ आम हो गई हैं.कई कुत्ते बीमारियों से भी ग्रस्त दिखाई देते हैं.ऐसी स्थिति में राहगीरों, विशेषकर बच्चों के लिए यह कुत्ते गंभीर खतरा बन चुके हैं.सोशल मीडिया पर बच्चों पर कुत्तों के हमले के वीडियो लगातार वायरल हो रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत व्याप्त है.सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि ये आवारा कुत्ते सिर्फ मोहल्लों और सड़कों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सरकारी कार्यालयों और पुरातत्व क्षेत्र तक में निडर घूमते नजर आते हैं, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक आते हैं. विदिशा और भोपाल जैसे बड़े शहरों में जहाँ कुत्ते पकड़ने के अभियान चल रहे हैं, वहीं सांची जैसे ऐतिहासिक स्थल पर प्रशासन मौन साधे हुए प्रतीत होता है.लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कुत्तों पर नियंत्रण की कार्यवाही की जाये.

**कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या . ग्यारसपुर**

पंजीयन क्रमांक/ ए.आर.व्ही.डी एस/ 328 दिनांक 15/11/1988

:: वार्षिक आमसभा सूचना ::

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपुर जिला विदिशा की वार्षिक आमसभा वर्ष 2025 की बैठक दिनांक 19/9/2025 दिन शुक्रवार को समय 01 वजे दोपहर को स्थान समिति कार्यालय ग्यारसपुर में आयोजित की गई है। अत: प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपर के समस्त सदस्यों शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों संचालक मंडल के सदस्यों को सूचित किया जाकर अवगत कराया जाता है। आयोजित बैठक में सभी सदस्यों जन प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुन: बैठक उसी स्थान पर आयोजित की जावेगी। जिसके लिए गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा । आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

लरपनलाल
अध्यक्ष
प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या .ग्यारसपुर

प्रबन्धक
प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या .ग्यारसपुर